राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

लायंस क्लब हवामहल, जयपुर का स्थापना दिवस समारोह आयोजित

वर्षा के मौसम में अधिकाधिक पेड़ लगे और उनका संरक्षण हो- राज्यपाल

जयपुर, 15 जून। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने वर्षा के मौसम में अधिकाधिक पेड़ लगाए जाने का आह्वान किया है। उन्होंने सामाजिक संस्थाओं से अपील भी की है कि वह वृक्ष लगाने के साथ उनके संरक्षण के लिए भी लोगों को प्रेरित करें। उन्होंने जल संरक्षण के लिए भी अभियान चलाकर कार्रवाई किए जाने का आह्वान किया।

राज्यपाल श्री बागडे रविवार को लायंस क्लब हवामहल, जयपुर के स्थापना दिवस समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शिक्षा और भारतीय ज्ञान परंपरा के लिए मिलकर कार्य करने पर जोर दिया।

राज्यपाल ने कहा कि भारतीय परम्परा में अपने लिए नहीं दूसरों के लिए सोच रखते कार्य करने पर जोर दिया गया है। हमारे यहां सेवा ही सबसे बड़ा, परम धर्म कहा गया है। लायंस क्लब इस उद्देश्य से कार्य करता है, यह महत्वपूर्ण है।

राज्यपाल ने कहा कि ऐसे कर्म करें जिससे केवल अपना ही नहीं सभी का भला हो। उन्होंने सभी को समाज और राष्ट्र के विकास के लिए अपना श्रेष्ठतम देते हुए कार्य करने का आह्वान किया।

PDG LION K.C. BANSAL